aglasem.com

FOR KARNATAKA CLASS 10 PREPARATION

Karnataka SSLC Model Question Paper 2027 for NCERT Hindi Third Language (Paper 3) Key Answers

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Karnataka Class 10	2027	Answer Key	Hindi

ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಳಿ

6 ನೇ ಅಡ್ಡರಸ್ತೆ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560003.

Karnataka School Examination and Assessment Board

6th cross, Malleshwaram, Bangalore - 560003.

2026-27ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ – 3

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

S.S.L.C MODEL QUESTION PAPER - 3 : 2026-27

MODEL ANSWERS

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ [NCERT]

SUBJECT : Third Language Hindi [NCERT Syllabus]

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 60 H	**Subject Code :60 H**
ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ	**Time : 3 Hours**
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80	**Max. Marks : 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाए :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्ना हैं ।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठा के ऊपर दिया गया है, जिसमें प्रश्ना पत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल है।

I.	निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये है, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षार सहित पूर्णा रूप से लिखिए : 8 x 1 =8	
1.	'रोटी' शब्द का अन्य वचन रूप है- A) रोटी B) रोटियों C) रोटियाँ D) रोटिये उत्तर : C) रोटियाँ	1
2.	वह ! कितना सुंदर नाम है उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है - A) प्रश्न वाचक B) अल्प विराम C) पूर्ण विराम D) विस्मयादिबोधक उत्तर : D) विस्मयादिबोधक	1
3.	'नसीहत' शब्द का पर्यायवाची शब्द है- A) आदेश B) अनुभव C) उपदेश D) आदर उत्तर : C) उपदेश	1
4.	' सभ्य ' शब्द का विलोम शब्द है- A) मधुर B) सुखद C) असभय D) भय उत्तर : C) असभय	1
5.	निम्न में से उपसर्ग युक्त शब्द है - A) दैनिक B) सामाजिक C) वैचारिक D) बेहोश उत्तर : D) बेहोश	1
6.	' श्रद्धानंद ' शब्द में संधि है- A) गुण B) यण् C) दीर्घ D) अयादि उत्तर : C) दीर्घ	1

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
7.	' रात-दिन ' शब्द में समास है - A) द्वंद्व B) कर्मधारय C) तत्पुरूष D) अव्ययीभाव उत्तर : A) द्वंद्व	1
8.	दरिया---- जाओ तो उसे सलाम किया करो। उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उचित कारक चिह्न है – A) का B) पर C) की D) के लिए उत्तर : B) पर	1
II.	सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए : — 4 X 1 = 4 अ ब 9. गाँधीजी a) अस्थिजाल का दान 10. दधीचि b) नेक और मददगार 11. तताँरा c) स्वतंत्रता दिवस की पुनरावृत्ती 12. 26 जनवरी 1931 d) सुमित्रानंदन पंत e) प्रैक्टिकल आईडियलिस्ट f) शरीर चर्म g) बाल दिवस उत्तर : g) प्रैक्टिकल आइडियलिस्ट f) अस्थिजाल का दान b) नेक और मददगार a) स्वतंत्रता दिवस की पुनरावृत्ती	1 1 1 1

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
III.	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :— 4 X 1 = 4	
13.	कंपनी बाग में रखी तोप हमें क्या सीख देती है **?** उत्तर: कंपनी बाग में रखी तोप हमें यह सीख देती है कि अत्याचारी कितना भी बड़ा क्यों न हो, एक न एक दिन उसका अंत निश्चित है।	1
14.	श्रद्धानंद पार्क में झंडा किसने गाड़ा **?** उत्तर**:** श्रद्धानंद पार्क में झंडा अविनाश बाबू ने गाड़ा था।	1
15.	'करुणामय' का अर्थ क्या है **?** उत्तर**:** 'करुणामय' का अर्थ है - दया से भरा हुआ या दयालु।	1
16.	कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है **?** उत्तर: कवि ने तालाब की समानता पहाड़ के विशाल हृदय या दर्पण (आईने) के साथ दिखाई है।	1
IV.	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए: — 8 X 2 = 16	
17.	आत्मत्राण कविता के अंत में कवि क्या अनुनय करता है **?** उत्तर: • कवि अनुनय करता है कि चाहे जीवन में कितनी भी विपदाएँ या दुख आएँ, • ईश्वर के प्रति उनका विश्वास और आस्था कभी कम न हो। • वे हर संकट का सामना साहस और अपने बलबूते पर करना चाहते हैं।	2
18.	शुद्ध सोना और गिन्नी का सोना इन दोनों में क्या अंतर है ? उत्तर**:** • शुद्ध सोना 24 कैरेट का होता है, जो पूरी तरह पवित्र और लचीला होता है, जिससे आसानी से गहने नहीं बनते। • वहीं गिन्नी के सोने में थोड़ा ताँबा मिलाया जाता है, जिससे वह अधिक चमकदार और मजबूत बनता है और इसका उपयोग आभूषण बनाने में होता है।	2

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
19.	राजकपूर को फ़िल्म समीक्षक किस तरह के कलाकार मानते थे ? उत्तर: • फ़िल्म समीक्षक राजकपूर को एक कलात्मक और संवेदनशील आँखों वाला महान कलाकार मानते थे। • वे कला और व्यावसायिकता का अनूठा मिश्रण करने में माहिर थे।	2
20.	कंपनी बाग में रखी तोप हमें क्या सीख देती है ? उत्तर: • यह तोप हमें हमारे इतिहास की याद दिलाती है । • सचेत करती है कि हमें अपनी स्वतंत्रता की रक्षा हमेशा करनी चाहिए । • यह बताती है कि कोई भी अत्याचारी अमर नहीं होता।	2
21.	मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ? उत्तर: • मीराबाई कहती हैं कि श्रीकृष्ण के सिर पर मोर पंख का मुकुट सुशोभित है। • बदन पर पीले वस्त्र हैं. उनके गले में वैजयंती फूलों की माला है । • वे बाँसुरी बजाते हुए गाय चराते हैं ।	2

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
22.	सवार ने यह क्यों कहा कि वज़ीर अली की गिरफ़्तारी बहुत मुश्किल है **?** उत्तर**:** • क्योंकि सवार खुद ही वज़ीर अली था**.** वह अत्यंत साहसी**,** निडर और जाँबाज़ था । • जिसने अकेले ही कर्नल के खेमे में घुसकर कारतूस हासिल कर लिए थे।	2
23.	हरिहर काका को अपने भाई तथा महंत दोनों एक ही श्रेणी में क्यों लगने लगे ? उत्तर: • दोनों का अंतिम उद्देश्य हरिहर काका की पंद्रह बीघे की कीमती ज़मीन को हड़पना था। • महंत ने धर्म की आड़ में और भाइयों ने पारिवारिक रिश्तों की आड़ में काका के साथ छल, कपट और हिंसक व्यवहार किया। अथवा हरिहर काका के मामले में गाँववालों की क्या राय थी ? उत्तर: • ववाले दो गुटों में बँट गए थे. एक गुट का मानना था कि काका को अपनी ज़मीन ठाकुरबारी (महंत) के नाम कर देनी चाहिए ताकि उन्हें पुण्य मिले। • दूसरा गुट काका के भाइयों के पक्ष में था कि ज़मीन परिवार को ही मिलनी चाहिए।	2

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
24.	दस अक्तूबर सन पैंतालीस का दिन टोपी के जीवन में क्या महत्व रखता है **?** उत्तर**:** • इस दिन टोपी के सबसे अजीज दोस्त इफ़्फ़न के पिता का तबादला (ट्रांसफर) हो गया था और इफ़्फ़न उनसे दूर चला गया था। • यह दिन टोपी के अकेलेपन और गहरे दुख की शुरुआत का गवाह था। अथवा पी टी सर की चारित्रिक विशेषताएँ कौन-कौन सी थीं ? उत्तर**:** • पी टी सर (प्रीतम चंद) बहुत कड़े अनुशासनप्रिय, सख्त और कठोर स्वभाव के थे। • वे बच्चों की छोटी सी गलती पर भी चमड़ी उधेड़ देने जैसी सजा देते थे, लेकिन एकांत में वे अपने तोते से बहुत प्यार से बातें करते थे.	2
V. क) 25.	निम्नलिखित के आशय / भाव स्पष्ट कीजिए:— 9 X 3 = 27 खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी। आशय**:** पाठ **:** ' डायरी का एक पन्ना ' लेखक **:** सीताराम सेक्सरिया • यह अंश कलकत्ता वासियों के अभूतपूर्व साहस को दर्शाता है। • पुलिस कमिश्नर का नोटिस था कि अमुक-अमुक धारा के अनुसार कोई सभा नहीं हो सकती, यदि सभा लेंगे तो दोषी समझे जाएँगे । • ब्रिटिश सरकार ने कानूनन सभाओं पर पाबंदी लगा दी थी, • स्वतंत्रता सेनानियों ने खुली चुनौती देकर मॉन्यूमेंट के नीचे विशाल सभा की और राष्ट्रीय ध्वज फहराया।	3

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
26.	जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है। आशय: पाठ : अब कहाँ दूसरे के दुख से दूखी होने वाले लेखक : निदा फ़ाज़ली • यह कथन महान और गंभीर व्यक्तित्व की विशेषता को रेखांकित करता है। • जो व्यक्ति मानसिक रूप से सशक्त, सभ्य और समझदार होते हैं, • वे विपरीत परिस्थितियों में भी अपना धैर्य नहीं खोते और शांत रहकर क्रोध पर • नियंत्रण रखते हैं।	3
27.	खींच दो अपने खूं से जमीं पर लकीर, इस तरफ़ आने पाए न रावण कोई। आशय : कविता : ' कर चले हम फ़िदा ' कवि : कैफ़ी आज़मी • कविता की इन पंक्तियों में शहीद होने वाले सैनिक देशवासियों से आह्वान करते हैं । • वे अपने खून से सीमाओं पर सुरक्षा की ऐसी अटूट रेखा खींच दें कि कोई भी बाहरी शत्रु (रावण रूपी दुश्मन) भारत माता के आँचल को छू न सके.	3

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
ख) 28.	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए :— ' तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। उत्तर: * तताँरा हमेशा अपनी कमर पर लकड़ी की एक पारंपरिक तलवार बाँधे रहता था। * उसने कभी भी दूसरों के सामने उस तलवार का उपयोग नहीं किया था। * गाँव वालों का मानना था कि उस तलवार में कोई दैवीय या विलक्षण शक्ति थी। * जिसके कारण तताँरा इतने साहसी कारनामे कर पाता था।	3
29.	' मनुष्यता ' कविता में उदार व्यक्ति की पहचान कैसे दिलाया गया है **?** उत्तर**:** * कविता में उदार व्यक्ति वह है जो संपूर्ण सृष्टि में आत्मीयता का भाव रखता है। * वे केवल अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के कल्याण (परहित) के लिए जीता है और मरता है. *उसकी कीर्ति का गान सरस्वती और पूरी धरती करती है.	3

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
30.	वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल क्यों किया **?** विवरण कीजिए। उत्तर**:** * वजीर अली को उसके पद से हटाने के बाद उसे बनारस पहुँचाया गया । * वजीर अली पर तीन लाख रूपय सालाना वज़ीफा मुकर्रर कर दिया । * कुछ महीन बाद गवर्नर जनरल ने उसे कलकत्ता तलब किया । * वज़ीर अली कंपनी के वकील के पास गया जो बनारस में रहता था । * वज़ीर अली ने शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यों तलब करता है । * वकील ने वज़ीर अली का अपमान किया, जिससे वह बहुत क्रोधित हुआ। * इसी भावना में वज़ीर अली ने कंपनी के वकील की हत्या कर दी ।	**3**
31.	पावस ऋतु से प्रकृति में होनेवाले परिवर्तनों का वर्णन कीजिए। उत्तर: *पावस (वर्षा) ऋतु में पर्वतीय प्रदेश की प्रकृति पल-पल अपना रूप बदलती है। * चारों ओर हरियाली छा जाती है, पहाड़ों पर खिले हजारों फूल आँखों की तरह लगते हैं। * बादलों के कारण पहाड़ गायब से लगते हैं । * झरनों से सुंदर ध्वनि गूँजती है और तालाबों से कोहरा (धुआँ) उठने लगता है। * वृक्षा ऊँचे बढ़ते हैं । * शाल के वृक्षा डरकर ज़मीन में धँस जाते हैं ।	3

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
32.	निम्नलिखित कवितांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए : भावार्थ : * प्रस्तुत पंक्तियों में मीराबाई भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना करते हुए कहती हैं कि - हे हरि ! आप अपनी इस दासी के कष्टों और दुखों को दूर कीजिए। * जिस तरह आपने भरी सभा में द्रौपदी की लाज बचाने के लिए उसका चीर (साड़ी) बढ़ाया । * भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए नरसिंह रूप धारण किया । * डूबते हुए ऐरावत हाथी को मगरमच्छ के चंगुल से छुड़ाकर उसकी पीड़ा काटी; उसी प्रकार हे गिरधर गोपाल, मेरी भी रक्षा कीजिए और मेरे कष्टों को दूर करों ।	3
33.	गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए: — "कैफ़ी आज़मी का जन्म 19 जनवरी 1919 में हुआ। वे कलाकारों के परिवार से थे। उनकी बेटी शबाना आज़मी मशहूर अभिनेत्री है।" उत्तर: **"ಕೈಫಿ ಅಜ್ಮಿ ಅವರ ಜನನವು 19 ಜನವರಿ 1919 ರಲ್ಲಿ ಆಯಿತು. ಅವರು ಕಲಾವಿದರ ಕುಟುಂಬಕ್ಕೆ ಸೇರಿದವರಾಗಿದ್ದರು. ಅವರ ಮಗಳು ಶಬಾನಾ ಅಜ್ಮಿ ಪ್ರಸಿದ್ಧ ನಟಿಯಾಗಿದ್ದಾರೆ."** English : "Kaifi Azmi was born on 19 January 1919. He belonged to a family of artists. His daughter Shabana Azmi is a famous actress."	3

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
VI.	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच या छः वाक्यों में लिखिए: — 2 X 4 = 8	
34.	छोटे भाई से बनाई गयी टाइम-टेबिल का विवरण कीजिए। उत्तर: * बड़े भाई की डांट सुनने के बाद छोटे भाई ने पढ़ाई के लिए एक कड़ा टाइम-टेबल बनाया. * उसने सुबह **6** बजे उठकर हाथ-मुंह धोना और नाश्ता करके पढ़ने बैठने का नियम बनाया. * सुबह **6** से **8** तक अंग्रेजी, **8** से **9** तक हिसाब (गणित), **9** से **9:30** तक इतिहास और फिर स्कूल जाना तय किया. * स्कूल से लौटकर आधा घंटा आराम, शाम को भूगोल, व्याकरण और रात को अनुवाद तथा हिंदी पढ़ना तय किया. * हालांकि, इस टाइम-टेबल में खेल-कूद के लिए कोई जगह नहीं थी. अथवा बड़े भाई साहब किताबी ज्ञान से बढ़कर जिंदगी के अनुभव को अधिक महत्वपूर्ण क्यों मानते थे **?** विवरण कीजिए। उत्तर: * बड़े भाई साहब का मानना था कि केवल परीक्षाएं पास कर लेना और डिग्रियां हासिल करना ही समझदारी नहीं है, बल्कि असली समझ जीवन के व्यावहारिक अनुभवों से आती है. * वे उदाहरण देते हैं कि हमारी अम्मा और दादा भले ही पढ़े-लिखे नहीं हैं, लेकिन उन्हें दुनियादारी और घर चलाने का अनुभव हमसे कहीं ज्यादा है. * संकट के समय उनका यही तजुर्बा काम आता है. अनुभव ही मनुष्य को सही और गलत का अंतर सिखाता है.	**4**

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
35.	निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :- उत्तर: निंदक नेड़े राखिए, आंगणि कुटी बँधाइ ॥ बिन साबाण पाँणी बिना, निरमल करै सुभाइ ॥	4
VII. 36.	निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: — 4 X 1 = 4 अ) श्री राम पंचवटी में क्यों ठहरे हुए थे ? उत्तर: श्री राम को चौदह वर्ष का वनवास मिला था, इसलिए वे पंचवटी में ठहरे हुए थे. आ) शूर्पणखा चीखती- चिल्लाती हुई रावण के पास क्यों गई ? उत्तर: लक्ष्मण द्वारा नाक काट दिए जाने के कारण शूर्पणखा चीखती-चिल्लाती हुई रावण के पास गई. इ) श्री राम हिरण के पीछे क्यों चल पड़े ? उत्तर: सोने के हिरण को देखकर सीता ने उसकी खाल लाने को कहा, इसलिए श्री राम हिरण के पीछे चल पड़े. ई) मारीच क्यों तड़पने लगा ? उत्तर: श्री राम का तीर लगने से घायल होने के कारण मारीच धरती पर गिरकर तड़पने लगा.	1 1 1 1

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
VIII. 37.	दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी ऐक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1X4=4 • जनसंख्या विस्फोट • प्रस्तावना • जनसंख्या विस्फोट के कारण • परिहारोपाय • उपसंहार • ग्रंथालय • प्रस्तावना • ग्रथालय का महत्व • उपयुक्तता • उपसंहार • मेरा प्रिया खेल • प्रस्तावना • प्रिय खेल का परिचय • खेल का नियम • उपसंहार उत्तर : * प्रस्तावना 1 * विषय विस्तार 2 * उपसंहार 1	4

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
IX. 38.	निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1X5=5 बीमारी के कारण देते हुए चार दिनों की छुट्टी के लिए अपने प्रधान अध्यापक को एक पत्र लिखिए । अथव अपनी किताबें खरीदने के लिए रू 2000/- माँगते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए । उत्तर : व्यावहारिक पत्र : * प्रेषक का पता और दिनांक ½ * पत्र पानेवाले का पता ½ * संबोधन ½ * विषय ½ * पत्र का कलेवर / विवरण 2 ½ * समाप्ति ½ अथव पारिवारिक पत्र * प्रेषक का नाम एवं पता ½ * संबोधन एवं अभिवादन 1 * पत्र का कलेवर / विवरण 2 ½ * समाप्ति ½ * पत्र पानेवाले का नाम / पता ½	5